हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 14 मई 2024

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

11 शत प्रतिशत रहा जाट स्कूल का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम



11 आरकेएसडी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



## खबर संक्षेप

### जुलाना में भाजपा की विजय संकल्प रैली आज

**जुलाना।** पुरानी अनाज मंडी में आज भाजपा की विजय संकल्प रैली होगी। जिसे राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा और प्रदेश के पूर्व सीएम मनोहर लाल शिरकत करेंगे। रैली का संयोजक डिप्टी एक्साइज एंड टैक्सेशन कमिश्नर के पद से वीआरएस लेने वाले डॉ सुरेंद्र सिंह लाठर को बनाया गया है। हाल ही मे भाजपा ज्वाइन किया है।

### धोखाधड़ी के आरोपी दो दिन के रिमांड पर

**कैथल।** लिंक भेजकर ठगी करने के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम के एएसआई रविन्द्र कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी चंद्र विहार वेस्ट दिल्ली निवासी रचित उर्फ मनीष को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी रचित भी उक्त वारदात में संलिप्त था। आरोपी का व्यापक पूछताछ के लिए कोर्ट से 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया है।

### बुजुर्ग की लठ मारकर हत्या का आरोपी काबू

**जींद।** सदर थाना सफीदों पुलिस ने गांव साहनपुर में बुजुर्ग की लठमार कर हत्या के आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपित को एक दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। साहनपुर निवासी विनोद ने 12 मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका पिता वीरभान देर रात खाना खा कर सड़क पर टहलने निकला था।

### नाबालिग को फुसला कर ले जाने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर फुसला कर भगा ले जाने के मामले की जांच थाना सिविल लाईन पुलिस की लेडी एएसआई सुदेश द्वारा करते आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बताया कि कालोनी निवासी महिला की शिकायत अनुसार 12 अप्रैल को 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को उक्त आरोपी शादी का झांसा देकर फुसला कर भगा ले गया था।

### रंजिशन हमला करने का आरोप, तीन नामजद

**जींद।** गांव करसिंधु में रंजिश के चलते व्यक्ति के साथ मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव करसिंधु निवासी बेदानंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रजबाहे की पुलिया पर बैठा हुआ था।

### पिस्तौल-जिंदा कारतूस के साथ युवक दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने बड़ा बीड़ वन के निकट रेलवे ओवरब्रिज के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि बड़ा बीड वन के पास एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**जींद।** गांव मैंगलपुर में बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर सामान तथा नगदी को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव मैंगलपुर निवासी धनसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव में कियायणे की दुकान की हुई है।

### गांव दनौदा में फिरणी निर्माण शुरू

**नरवाना।** गांव दनौदा में विधायक रामनिवास द्वारा करोड़ों रुपये के विकास कार्य प्रारंभ हो गए हैं गांव दनौदा जहां की आबादी लगभग अट्ठारह हजार है और गांव के चारों तरफ का रास्ता टूटा पड़ा था जिससे गांव के लोगों को फिरणी से गुजरने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



जींद। इंडस में बेहतरीन परीक्षा परिणाम आने पर चहकते चेहरे। फोटो :हरिभूमि

### इंडस स्कूल की दीक्षा कामर्स संकाय में 98.4% अंक लेकर जिला टॉपर

**जींद।** सीबीएससी द्वारा घोषित 12वीं कक्षा परीक्षा परिणाम में इंडस पब्लिक स्कूल की छात्रा दीक्षा ने कॉर्मस संकाय में 98.4 % अंक लेकर जिले में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। दीक्षा ने सफलता का श्रेय स्कूल के निदेशक सुभाष श्योराण, प्राचार्य अरूणा शर्मा तथा स्टाफ को दिया है। जिनके मार्गदर्शन में जिला को टॉप किया। गामडा हिसार निवासी दीक्षा के पिता सुरेश एक जाने-माने खिलाड़ी तथा किसान हैं। जब कि मां सुमिती स्वास्थ्यकर्मी है। दीक्षा की बड़ी बहन प्रतिक्षा यूपीएसी की तैयारी कर रही है। जबकि छोटा भाई आयुष दसवीं में पढ़ रहा है। दीक्षा बताती हैं कि दसवीं कक्षा इडस स्कूल मिर्चपूर से 99.4 % अंक के साथ जींद तथा हिसार जिले को टॉप किया था। आरबीआई में सर्विस का सपना लेकर आगे बढ़ रही। दीक्षा ने 12वीं में भी जिले में अव्वल रहने का सकल्प लिया ओर उसे पूरा भी किया।

### कैथलः इंडस पब्लिक स्कूल की छात्रा नवलप्रीत कौर रही जिला टॉप

**कैथल।** इंडस पब्लिक स्कूल के 10वीं तथा 12वीं कक्षाओं के छात्रों ने सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में गत वर्षों की भाँति इस बार भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। विशेष तौर पर वाणिज्य संकाय की 12वीं कक्षा की छात्रा नवलप्रीत कौर ने 98.2 % अंक लेकर जिले भर में टॉप किया है। वहीं दसवीं में अंकिता ने 98.2 % अंक लेकर प्रथम , यशिका ने 96.8 % अंक लेकर द्वितीय, रूपिंदर ने 96.4 % अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह नजर आया। विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ स्कूल पहुँचे और शिक्षकों के संग खुशी जाहिर की। डायरेक्टर श्रीमान अभिषेक सहारण जी ने बच्चों की शानदार उपलब्धि पर प्रधानाचार्या तनु पूनिया, अध्यापकों, अभिभावकों एवं छात्रों को बधाई दी। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 50 फीसदी छात्रों का स्कोर 90 % से अधिक रहा। प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने बताया कि इंडस स्कूल शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने तथा भिन्न-भिन्न बुद्धि क्षमता वाले विद्यार्थियों को एक साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है।



कैथल। इंडस पब्लिक स्कूल की छात्रा नवलप्रीत कौर को मिठाई खिलाती प्रधानाचार्या तनु पुनिया।



जींद। डीएवी स्कूल में बेहतरीन रिजल्ट आने पर खिलखिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### 10वीं कक्षा में डीएवी स्कूल का आयूष 99.2% अंक लेकर जिला टापॅर

**जींद।** डीएवी पब्लिक स्कूल अर्बन स्टेट जींद के दसवीं के छात्र आयूष ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं इसी विद्यालय के अंशुल बंसल ने कॉमर्स संकाय में 98.2: अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों की 12वीं कक्षा में संख्या 37 तथा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों की संख्या 100 रही। वहीं दसवीं क्लास में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों की संख्या 40 को पार कर गई। इस प्रकार विद्यालय ने एक बार फिर शिक्षा क्षेत्र में अपना परचम लहराया। 12वीं कॉमर्स संकाय के अंशुल बंसल ने 98.2, परी बंसल ने 98 प्रतिशत, मोक्ष 97.2 प्रतिशत व कला संकाय की काकुल भारद्वाज ने 96.4 प्रतिशत, अंशिका गौतम 95.6 प्रतिशत, एंजेल 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी के साथ विज्ञान संकाय नॉन मेडिकल में वंशिका ने 95.8 प्रतिशत, प्रणव प्रताप 93.4, विशांत ने 92.8, आयुषी 92.8, रितिका 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और विज्ञान संकाय मेडिकल में अपूर्वा ने 93.8, मुस्कान ने 93, सलज ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सभी विद्यार्थियों ने इसका पूरा श्रेय क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी और प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी जी को दिया। जिन्होंने समय-समय पर मार्गदर्शन दिया और उनकी पढ़ाई के लिए हर प्रकार की व्यवस्था की।

## शव गृह के पास बने शौचालय में गंदगी देख आया सीएमओ को गुस्सा

# सीएमओ ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण, मिली खामियां

### डायलसिस कमरे के बाहर रखे जनरेटर को उठवाने के निर्देश

### शौचालय में मिली शराब की खाली बोतल व गिलास फिकवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग की सफाई व्यवस्था का सोमवार को सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक जगह शौचालय में खाली शराब की बोतल तथा गिलास मिले वहीं द्वितीय तल पर हाथ धोने के लिए लगाया गया वॉशबेसन टूटा हुआ मिला। इसके अलावा अस्पताल की दीवारों पर जगह-जगह गंदगी मिली। जिस पर तुरंत प्रभाव से सीएमओ ने व्यवस्था बनाने के आदेश दिए। इसके अलावा अस्पताल परिसर में बनाए गए शौचालय की बुरी व्यवस्था को देख कर यहां कार्यरत ठेकेदार को जमकर झाड़ भी पिलाई गई। सीएमाअे ने स्पष्ट किया कि अस्पताल में स्वच्छता को लेकर कोताहि किसी भी सूरत में बर्दाशत नही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान



अस्पताल में मेडिकल वार्ड का निरीक्षण करते सीएमओ डा. गोपाल गोयल।

सीएमओ के साथ डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा. रमेश पांचाल, डा. अरविंद साथ रहे।सीएमओ डा. गोपाल गोयल, डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डा. रमेश पांचाल, डा. अरविंद ने निरीक्षण की शुरूआत पुरानी बिल्डिंग के प्रथम तल से की। यहां सीएमओ ने खुद शौचालयों में जाकर सफाई व्यवस्था को देखा। निरीक्षण के दौरान एक शौचालय से शराब की बोतल व गिलास मिला। जिसे तुरंत प्रभाव से चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की मार्फत फिकवाया गया और सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद सीएमओ द्वितीय तल पर पहुंचे और यहां शौचालय के साथ लगती दीवारों पर गंदगी मिली तो तुरंत प्रभाव से सफाई के निर्देश दिए। सीएमओ डा. गोपाल गोयल जब डायलसिस कमरे पर पहुंचे तो यहां बरामदे में ही भारी भरकम बिजली का उपकरण पड़ा देखा। जिसे तुरंत प्रभाव से उठवाने के निर्देश दिए गए। यहां डा. रमेश पांचाल ने स्पष्ट किया कि अगर भगदड़ मचती है तो यहां बरामदे में रखा बिजली उपकरण भागने में बाधा बनेगा। जिससे जान-माल की 'यादा हानि हो सकती है। ऐसे में इस उपकरण को तुरंत प्रभाव से उठावाया जाए।

#### कमियों को करवाया जाएगा दूर : सीएमओ

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने कहा कि स्वच्छता को लेकर अस्पताल का निरीक्षण किया गया है। कई जगह गंदगी मिली है, जिसे साफ करने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा निजी संस्था की रसोई को भी पत्र भेज कर जवाबदेही की जाएगी। अस्पताल परिसर में सफाई को लेकर कोताहि किसी भी सूरत में बर्दाशत नही की जाएगी। निरीक्षण में जो कमियां सामने आई हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से दूर करवाया जाएगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि अस्पताल आमजन का है और इसे स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेवारी है।

#### सीवर खोलने के आदेश

अस्पताल परिसर में शव गृह के पास बनाए गए शौचालय की गंदगी देख सीएमओ को जमकर गुस्सा आया। यहां शौचालय के अंदर इतनी गंदगी थी कि वहां जाने की किसी की हिम्मत ही नही हुई। यहां पूछताछ पर पता चला कि ठेकेदार के मजदूरों ने दोनों सीवरेज को ही बंद कर दिया है। जिस पर तुरंत प्रभाव से यहां कार्यरत मजदूरों के माध्यम से ठेकेदार को फोन मिला सीवर खोलने के आदेश दिए गए। यहां डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने कहा कि लाखों रुपये का ठेका दिया गया है लेकिन निर्माण कार्य में कोताहि बरती जा रही है। यहां तक कि अस्पताल में अग्निशन बाल्टी को ही मजदूर उठा कर ले आए। जिस पर मजदूरों को झाड़ भी पिलाई गई।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ गोपाल गोयल जब अस्पताल में एक संस्था द्वारा बनाई गई रसोई में पहुंचे तो यहां गंदगी देख कर आग बबुला हो गए। जगह-जगह आटा गिरा हुआ था। जहां रोटी बनाई जा रही थी वहां सफाई नही थी। क्योंकि यही खाना मरीजों को दिया जाता है। ऐसे मरीज खाना खाकर बीमार होंगे। जिस पर सीएमओ ने कहा कि रसोई संचालक को पत्र भेज कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।



जींद। दुकान में जमा लोगों की भीड़। फोटो :हरिभूमि

## दिनदहाड़े मोबाइल शॉप पर चली गोली, हड़कंप

- गोली चलाकर तीन बाइक सवार युवक मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

नगर के महात्मा गांधी रोड़ पर सोमवार सांय को उस वक्त हड़कंप मच गया जब बाईक पर सवार होकर आए तीन युवकों ने एक मोबाइल शॉप पर फायर कर दिया। गनीमत तो यह रही कि उनका निशाना चूक गया और दुकान का मालिक बाल-बाल बच गया। नकाबपोश जब दूसरा फायर करने के लिए अपने हथियार को लोड़ करने लगे तो वह लोड़ नहीं हो पाया। घटना को अंजाम देकर हमला वर नए बस स्टैंड की तरफ भाग गए।

फायर की आवाज सुनकर मौके पर काफी तादाद में राहगीर व आसपास के दुकानदार एकत्रित हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर डीएसपी आशिष कुमार व सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने दुकानदार से बातचीत करके मामले की जानकारी ली व सीसीटीवी फूटेज को खंगाला। पुलिस ने मौके से एक गोली के खोल को भी बरामद किया है। सीसीटीवी फूटेज की जांच के दौरान एक बाईक पर सवार तीन नकाबपोश युवक दिखाई पड़े हैं। पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के महात्मा गांधी मार्ग पर स्थित वीएके 7 मोबाइल शॉप पर सांय करीब साढ़े 5 बजे दुकान का मालिक दीपक कुमार दुकान केबाहर खड़ा था कि इसी दौरान नहर पूल की तरफ से एक बाईक पर तीन नकाबपोश युवक आए और उस पर फायर कर दिया लेकिन उनका निशाना चूक गया तो दोबारा हथियार से फायर करना चाहा तो उनका हथियार लोड़ नहीं हो पाया। गोली की आवाज सुनकर काफी तादाद में राहगीर व दुकानदार एकत्रित हो गए। लोगों की भीड़ व अपने आप को नाकामयाब होते देख तीनों हमलावर इशारा करते हुए बस स्टैंड की ओर बाईक पर फरार हो गए।

## व्यक्ति ने रेलगाड़ी के आगे की आत्महत्या, छोड़ा सुसाइड नोट

- नोट में परेशान होने तथा तंग करने का उल्लेख, आत्महत्या का नही जिक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हांसी ब्रांच नहर रेलवे पुल तथा पुराना हासी रोड के बीच बीती रात एक व्यक्ति ने रेलगाड़ी के आगे आत्महत्या कर ली। मृतक की जेब से नोट बरामद हुआ है। उसमें परेशान होने तथा तंग करने का उल्लेख जरूर है लेकिन जान देने के लिए मजबूर का कोई जिक्र नही है। रेलवे पुलिस ने फिलहाल मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। छोड़े गए नोट की जांच की जा रही है। हांसी ब्रांच नहर रेलवे पुल तथा पुराना हांसी रोड के बीच बीती रात एक व्यक्ति ने रेलगाड़ी के आगे आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक की जेब से मिले कागजात के आधार पर पहचान खेमनगर निवासी सुरेश (53) के रूप में हुई। मृतक द्वारा नोट भी छोडा गया है। जिसमें लिखा है सेवा में मै बहुत दुखी हूं। मेरा परिवार व बहुत दुखी कर रहे है। आज मेरा छोटा छोरा को सीआईए में ले कर गई। मैने रुपये दिए। फिर भी हम को तंग किया। मेरे बड़े छोरे को दोबारा तंग करते हैं। दो ब केस होंगे। भूरे बी तंग करते हैं। मैं बहुत गरीब आदमी हूं। दो ब जेल काट कर आया है। जिसके नीचे मोबाइल नंबर तथा खेम नगर लिख सुरेश का नाम लिखा गया है लेकिन तंग हो कर आत्महत्या का कोई जिक्र नोट मे नही है। रेलवे थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी माया देवी के बयान पर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मृतक द्वारा छोड़े गए नोट की जांच रेलवे पुलिस द्वारा की जा रही है।

## आशा वर्कर्स का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ये समय भाजपा के 10 साल के दमन एवं उत्पीड़न का जवाब देने का समय है। यह बयान आज आशा वर्कर्स यूनियन की राज्य अध्यक्ष सुरेखा ने आशा वर्कर्स को संबोधित करते हुए दिया। आम सभा को सीटू के जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश शास्त्री व यूनियन की जिला प्रधान सुषमा व जिला सचिव कविता ने भी संबोधित किया। आशा वर्कर यूनियन हरियाणा के आह्वान पर आज कैथल की सैंकड़ो आशा वर्कर्स ने वेतन कटौती व ऑनलाइन काम के विरोध में और भाजपा हराओ तथा इंडिया ज़िताओ के आह्वान के साथ जवाहर पार्क में



कैथल। लघु सचिवालय में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपती आशा वर्कर्स।

आम सभा को संबोधित करते हुए पेहवा चौक तक प्रदर्शन किया। आमसभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आशा वर्कर्स लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को सपोर्ट करेंगे । बीजेपी की जन विरोधी नीतियों से जनता में भारी रोष है। महंगाई बेरोजगारी कई गुना बढ़ गई है। बेरोजगारी पर बात करने की बजाय प्रधानमंत्री मुसलमान पाकिस्तान पर ही बात करते रहते हैं। बीजेपी सरकार द्वारा अनेक घोटाले किए गए हैं। चुनावी बांड घोटाला देश का अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक बताते हुए रद्द किया है। चुनावी बांड का खुलासा होने के बाद ही पता चला है कि सरकार ने दवा कंपनियों से करोड़ों रुपए चंदा लेकर कम गुणवत्ता की दवाइयां को बाजार में बेचने की मंजूरी देकर देश की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया है। इसलिए अब देश की जनता बीजेपी को सबक सिखाएगी। अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र आशा वर्कर्स ने जिला तहसीलदार के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता को भेजा है। जनवरी 2024 से अभी तक आशा वर्कर्स को मानदेय नहीं दिए हैं जिससे तमाम आशाओं में नाराजगी है आशा वर्कर्स मानदेय नहीं मिलने की वजह से अनेकों समस्याओं का सामना कर रही है।

**श्रद्धांजलि** सड़क हादसे में दुनिया को अलविदा कह गई थी प्रीत

### सोमवार को हांसी रोड स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया

# चार लोगों को नई जिंदगी देने वाली प्रीत को पुष्पचक्र अर्पित करके दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मरने के बाद चार लोगों को नई जिंदगी देने वाली 18 साल की प्रीत के पार्थिव शरीर का सोमवार देर दोपहर हांसी रोड स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया। मौके पर सैंकड़ों लोगों ने नम आंखों से प्रीत को अंतिम विदाई दी। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने प्रीत के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जींद विकास



जींद। पुष्पचक्र अर्पित करते विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

संगठन के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा.राजकुमार गोयल ने कहा कि चार लोगों को जिंदगी देने वाली 18 साल की प्रीत मर कर अमर हो गई। उन्हें युगों युगांतर तक याद किया जाता रहेगा। जींद के रोहतक रोड भटनागर कालोनी के रहने वाले जोगिंदर शर्मा की 18 साल की बेटी प्रीत चंडीगढ़ में आईएएस की तैयारी कर रही थी। 29 अप्रैल को वह एक सड़क हादसे का शिकार हुई। उसे पंचकूला के अल्केमिस्ट अस्पताल में दाखिल करवाया गया। डाक्टरों ने ब्रेन डेड डिकलेर कर दिया। हादसे के 12 दिन बाद प्रीत ने इस दुनिया को अलविदा बोल दिया। परिवार ने दुख की इस घड़ी में अपने आपको संभाला और पिता जोगिंदर शर्मा व मां पिंकी रानी ने बेटी के ऑर्गन डोनेट करने का फैसला लिया। परिवार के फैसले के अनुसार डोनेट किए गए आर्गन को हारवेस्ट किया गया। लीवर को मैक्स हॉस्पिटल साकेत दिल्ली भेजा गया। पैंक्रियाज और एक किडनी को पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ भेजा गया। दूसरी किडनी अल्केमिस्ट हॉस्पिटल में ही एक मरीज को डोनेट कर दी गई। सोमवार दोपहर को पंचकूला से प्रीत का पार्थिव शरीर रोहतक रोड स्थित उनके निवास पर पहुंचा था।

## पीडल में दो वाहन आपस में भिडे, दो व्यक्ति घायल

**गुहला-चीका।** उपमंडल गुहला के पीडल में दो वाहन आपस में भिड़ गए, जिससे दो व्यक्ति घायल हो गए। गुहला थाने के एएसआई भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन चालक चीका से कैथल की तरफ जा रहा था, जबकि दूसरा वाहन कैथल से चीका की तरफ आ रहा था और जब वाहन पीडल के पास पहुंचे तो एक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया और उसका संतुलन बिगड़ और वाहन सामने से आ रहे दूसरे वाहन से भिड़ा। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जिसमें एक घायल की गंभीर हालत को देखते उसे पटियाला रेफर किया



गया। घायलों में एक कैथल का रहने वाला बताया है, जबकि दूसरा गुहला के गांव लालपुर का बताया है। पुलिस ने पहुंचकर टक्कर के बाद सडक पर खड़े दोनों वाहनों को एकतरफ किया और अव्यवस्थित यातायात को दोबारा चालू किया। बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पटौदी ट्रॉफी की टीम के लिए ट्रायल 16 मई को

**जींद।** हरियाणा क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-23 और पटौदी ट्रॉफी की टीम लिए ट्रायल जींद जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में 16 मई को सुबह 7 बजे रॉयल स्पोर्ट्स अकेडमी पिंडारा की क्रिकेट ग्राउंड में लिया जाएगा। जींद क्रिकेट एसो.के सचिव केके चहल ने बताया कि यह प्रतियोगिता हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन केनियमों द्वारा कराई जाएगी।

### खेत से सोलर पैनल चोरी, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव भीखेवाला खेतों से बीती रात चारों ने सोलर पैनल को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने किसान की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भीखेवाला निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में टयूबवैल पर सोलर पैनल लगाया हुआ था। बीती रात चोरों ने पैनल को चोरी कर लिया।

### संदिग्ध हालात में दो युवतियों समेत चार गुम

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवती तथा दो महिलाओं के संदिग्ध हालातों में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामराये गेट निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं रोहतक रोड से 21 वर्षीय युवती गायब हो गई।

### शिकायतें सुनने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**जींद ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रशासन द्वारा चुनाव से सम्बन्धित आमजन की शिकायतें सुनने के लिए बीडीपीओ ऑफिस में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 01681-297485 हैं।

### मतदान पार्टियों की कार्यशाला का आयोजन आज से

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए मतदान पार्टियों की कार्यशाला करवाई जाएगी। इस कार्यशाला का आयोजन अर्बन एस्टेट में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल जींद में 14 मई से 16 मई तक होगा। उन्होंने कहा कि जिन भी मतदान पार्टियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### स्वर्णकार संघ के सर्वसम्मति से प्रधान बने अजय वर्मा

**जींद।** स्वर्णकार संघ जींद की बैठक पंचायती अग्रवाल धर्मशाला में जिलाध्यक्ष नरेश सोनी, जिला सचिव सजंय वर्मा, स्वर्णकार संघ हरियाणा के प्रदेश सचिव रामनिवास सोनी, संरक्षक कन्हैयालाल, बालमुकंद भोला, मैढ सुनार सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी की देखरेख में संपन्न हुआ। स्वर्णकार संघ के प्रधान अजय सोनी को उपस्थित स्वर्णकारों ने सर्वसम्मति से प्रधान चुना।

### भजन मंडली ने किया मतदान के प्रति जागरूक

**जींद ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने को लेकर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लोगों को मताधिकार के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### करसोला में हीर रांझा सांग का किया मंचन

**जींद।** करसोला में बाबा सेवागर मंदिर के पास दीपिका रूरल डिवलप्मेंट सोसायटी द्वारा संस्कृति मंत्रालय के सौजन्य से हरियाणवी स्वांग हीर रांझा का मंचन सतपाल सांगी व टीम द्वारा किया गया। सचिव पूनम कुमारी ने बताया कि भारतीय संस्कृति को बचाने की मुहिम के तहत कार्यक्रम में सरपंच एसो के जिला अध्यक्ष सुधीर ने मुख्यअतिथि शिरकत की।

## इंडस पब्लिक स्कूल ने 12वीं परिणाम में जिले में कॉमर्स संकाय, कला संकाय में प्रथम स्थान किया हासिल

# विद्यार्थियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया जश्न

**कॉमर्स में 98.4 प्रतिशत अंक लेकर जिला में प्रथम रही दीक्षा, मौलिमनी और देशहिंद ने कला संकाय में 98.2 प्रतिशत अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


लक्षित मलिक


प्रनल


देशहिंद


मौलीमनी जैन।


दीक्षा।

इंडस स्कूल ने कक्षा बारहवीं में जिले में कॉमर्स संकाय, कला संकाय में प्रथम स्थान और मेडिकल संकाय व नॉन-मेडिकल संकाय में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर शिक्षा जगत में हलचल मचा दी है। इंडस पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर पूरे जींद जिले में शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहराया है। सोमवार को घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में इंडस पब्लिक स्कूल जींद की कॉमर्स संकाय की छात्रा दीक्षा ने 98.4 % अंक लेकर जिला में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मौलिमनी और देशहिंद ने कला संकाय में 98.2 % अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मेडिकल संकाय में प्रनल ने 96.2 % अंक लिए। नॉन मेडिकल संकाय में लखित मलिक ने 95.6 % अंक प्राप्त किए हैं। लक्षित मलिक एनडीए में लेफ्टिनेंट पद चयनित हो चुके हैं। प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बताया कि ने बताया कि स्कूल के 281 विद्यार्थियों ने ये परीक्षा दी। जिसके तहत 23 विद्यार्थियों ने 95 % से ऊपर अंक प्राप्त किए। 59 विद्यार्थियों ने 90 % से अधिक के अंक प्राप्त किए। 199 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। विषयानुसार 12 विद्यार्थियों ने 100-100 अंक प्राप्त किए। बिजनैस में दीक्षा ने 100 अंक, राजनीतिक शास्त्र में अहसास, मुस्कान और गुनिका ने 100 अंक, भूगोलमेंगुनिका, सानिया, अमनदीपऔरदेषहिन्द ने 100 अंक, जीव विज्ञान में प्रनल ने 100 अंक, म्यूजिक में मौलिमनी और काफी ने 100 अंक, शारीरिक शिक्षा में मान्या सिंहमार और दिक्षांत ने 100 अंक, पेंटिंग में काव्या ने 100 अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक सुभाष श्योराण ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, अध्यापकों, प्राचार्या को बधाई दी और कहा कि धैर्य के साथ परिश्रम और हिम्मत निरंतर सफलता के सूत्र हैं। इसलिए लगातार मेहनत के साथ आगे बढ़कर जीवन में सफलता प्राप्त करनी चाहिए। स्कूल निदेशिका रचना श्योराण ने स्कूल के इस शानदार परीक्षा परिणाम पर बधाई देते हुए कहा कि हमारे स्कूल के परीक्षा परिणाम लगातार बुलंदियों को छू रहे हैं। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों को स्वस्थ वातावरण और श्रेष्ठ मार्गदर्न उपलब्ध कराना हमारा संकल्प है और इस संकल्प को हमारा परीक्षा परिणाम सार्थक कर रहा है। उप प्राचार्य प्रवीन कुमार ने बच्चों को प्रेरणा देते हुए कहा कि जीवन में मनुष्य की अनेक परीक्षाएं होती हैं, जो बच्चे सतत परिश्रम करने की आदत डाल लेते हैं, सफलता उनके कदम चूमती है।


जींद। इंडस स्कूल में खुशी मनाते हुए।

## दसवीं में इंडस के विद्यार्थियों ने मचाई धूम


दीपिका जैन


उदयप्रताप भानू


पूर्वी


कीरतप्रीत सिंह


दिव्या

**जींद।** सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में इंडस पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन रहा। जिसमें पूर्वी ने 98.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान, उदयभानु प्रताप ने 97.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और दिव्या, दीपिका और कीरतप्रीत ने 96.8 प्रतिशत अंक लेकर कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस परीक्षा परिणाम के तहत 95 प्रतिशत से ऊपर 29 विद्यार्थियों ने, 90 प्रतिशत से ऊपर 85 विद्यार्थियों ने और 75 प्रतिशत से ऊपर 219 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए। इन विद्यार्थियों में विषय अनुसार गणित में सात विद्यार्थियों ने 100 अंक, आई टी में एक विद्यार्थी ने 100 अंक, हिंदी में 99 अंक, सामाजिक अध्ययन 99 अंक, विज्ञान में 99 अंक, अंग्रेजी में 98 अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि से इंडस पब्लिक स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय में सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने खुशियां मनाते हुए मिठाइयां बांटी एवं एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर इंडस संस्थाओं के निदेशक सुभाष श्योराण ने इस शनदार परीक्षा परिणाम पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, अध्यापकों एवं प्राचार्या को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस शानदार परीक्षा परिणाम के पीछे सभी का हाथ है। विद्यार्थियों की लगन एवं अध्यापकों की मेहनत तथा अभिभावकों के सहयोग से ऐसा संभव हो पाया है। परिश्रम और हिम्मत निरन्तर सफलता के सूत्र हैं, इसलिए हमें लगातार मेहनत के साथ आगे बढ़ कर जीवन में सफलता प्राप्त करनी चाहिए। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने स्कूल के शनदार परीक्षा परिणाम पर बधाई देते हुए कहा कि हमारे स्कूल के परीक्षा परिणाम लगातार बुलंदियों को छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्वस्थ वातावरण और श्रेष्ठ मार्गदर्शन उपलब्ध कराना हमारा संकल्प है और इस संकल्प को हमारा परीक्षा परिणाम सार्थक कर रहा है। उपप्राचार्य प्रवीन कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि जीवन में मनुष्य की अनेक परीक्षाएं होती हैं, जो विद्यार्थी सतत परिश्रम करने की आदत डाल लेते हैं, सफलता उन के चरण चूमती है।


जींद। मोतीलाल स्कूल में बच्चों को मिठाई खिलाते हुए।

### मोतीलाल पब्लिक विद्यालय का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय का 10वीं और 12वीं कक्षा की सीबीएसई परीक्षा में इतना उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए अपने छात्रों पर बहुत गर्व महसूस करता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में 15 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। 15 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए और 70 बच्चों ने मेरिट हासिल की। मेडिकल स्ट्रीम से अंश ने 91.2 प्रशितत के साथ विद्यालय में टॉप किया है । नॉन मेडिकल स्ट्रीम से परमिंदर ने 90 प्रतिशत के साथ स्ट्रीम में टॉप किया है। कॉमर्स स्ट्रीम से दीपांशु ने 91.8 प्रतिशत के साथ विद्यालय में टॉप किया है। आर्ट में संजय ने 92.6 प्रतिशत के साथ विद्यालय में टॉप किया है और हर वर्ष की तरह दसवीं कक्षा का परिणाम भी 100 प्रतिशत रहा। 10 बच्चों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए और 25 बच्चों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए और 78 बच्चों ने 75 प्रतिशत अंक लेकर मेरिट हासिल की। दसवीं कक्षा में आरती ने 91.6 प्रतिशत लेकर स्कूल में टॉप किया है। अनिकेत ने 91.4 प्रतिशत, अदिति ने 91.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को मिठाइयां खिलाई और फूलों की माला पहनाई और कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गौरव का पल है।



जींद। अच्छा रिजल्ट आने पर झूमते बच्चे।

### गुरुकुल विद्यापीठ का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**जींद ।** सीबीएसई द्वारा सोमवार को जारी 10वीं और 12वीं कक्षा सत्र 2023-24 के परीक्षा परिणाम में गुरुकुल विद्यापीठ गोहाना रोड के छात्रों ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जहां 12वीं कक्षा के छात्र लोकेश ने नॉन मेडिकल संकाय में 96 प्रतिशत अंक के साथ गणित विषय में 100 अंक हासिल किए। वहीं मेडिकल संकाय में निधि ने 96 प्रतिशत अंक लेकर अपने माता-पिता एवं गुरुकुल विद्यापीठ को गौरवान्वित किया। गुरुकुल विद्यापीठ के 12वीं कक्षा के 121 छात्रों ने स्तर 2023-2024 की परीक्षा दी थी। जिसमें 62 बच्चों ने मेरिट और 59 बच्चों ने प्रथम श्रेणी परिणाम प्राप्त किया। 10वीं कक्षा के 71 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमे 30 बच्चों ने मेरिट और 36 बच्चों ने प्रथम श्रेणी परिणाम प्राप्त किया। संस्था की उपाध्यक्षा कांता देवी ने बच्चों को मिठाई खिला कर आशीर्वाद दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक राकेश वत्स एवं प्राचार्या सीमा वत्स ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### रा वरिष्ठ विद्यालय खांडा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**जींद।** राजकीय वमावि खांडा में 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहा। इस अवसर पर विद्यालय ने बच्चों को शुभकामनाएं दी और गांव में ट्रैक्टर ट्राली में बैठा कर रैली निकाली। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें कुल विद्यार्थी 57 उनमें से 23 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की और सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों से पास हुए। विद्यालय की टॉपर छात्रा तमन्ना ने 473 अंक, प्रदीप ने 470 अंक, मंजीत 465, स्नेहा 463 अंक हासिल किए। सामाजिक अध्ययन में प्रदीप ने 100 अंक हासिल किए।

### ब्लू बर्ड स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा अच्छा

**जींद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पटियाला चैक स्थित ब्लू बर्ड मॉन्टेसरी हाई स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा अंजलि ने 500 में से 493 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पायल ने 489 व डिंपल ने 487 अंक प्राप्त कर द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 28 बच्चों ने दसवीं कक्षा की परीक्षा दी थी। जिसमें से 12 बच्चों ने 95 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। पांच बच्चों ने 90 प्रतिशत से ऊपर। कुल 25 बच्चों ने मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। प्रधान बलदेव राज आहूजा ने सभी बच्चों, मुख्याध्यापिका नीरू कामरा व स्टाफ को बधाई दी।

### आधारशिला स्कूल का रहा शानदार परिणाम

**जींद ।** आधारशिला स्कूल का 10वीं और 12वीं कक्षा का परिणाम शानदार रहा। 12वीं कक्षा मेडिकल संकाय में एकता ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। वंश ने नॉन मेडिकल में 95.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। निदेशक अंजू सिहाग ने कहा कि 12वीं कक्षा में विज्ञान संकाय में 78 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। दसवीं कक्षा में निशा ने 99 प्रतिशत अंक लेकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। दसवीं के 82 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत अंक हासिल किए। स्कूल प्रबंधक संदीप सिहाग ने सभी अध्यापकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत का परिणाम ही है कि आधारशिला के बच्चे आज बुलंदियों को छू रहे हैं।

### प्लस प्वाइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम शानदार

**उचाना ।** खापड़ गांव के प्लस प्वाइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम शानदार रहा। स्कूल संचालक आरएम सांगवान ने बताया कि 43 में से 35 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। प्रीति ने 98 प्रतिशत, वंशिका ने 95.2 प्रतिशत, दीक्षी ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। अशोका विद्या मंदिर स्कूल खटकड़ का परिणाम शानदार रहा। स्कूल संचालक सुमन खटकड़ ने बताया कि अंशु 96.8 प्रतिशत, अंशु देवी ने 92.4 प्रतिशत, रमन ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल आ रहे है। आरकेएसडी तारखां का परिणाम शानदार रहा। नरेंद्र वत्स ने बताया कि 18 विद्यार्थियों में से 15 ने विद्यार्थी मेरिट प्राप्त की। यश शर्मा ने 473, काफी ने 467, मानसी ने 466 अंक प्राप्त किए। एमडीएन स्कूल अलीपुरा का परिणाम शानदार रहा। 34 विद्यार्थियों में से 26 ने मेरिट प्राप्त की। स्कूल संचालक योगेश कुमार ने बताया कि मनीष ने 480, तन्नु ने 471, रोहित एवं सोनिया ने 468 अंक प्राप्त किए। शिव गुरूकुलम छात्तर का परिणाम शानदार रहा। प्राचार्य अजीत कुमार ने बताया कि 52 में से 40 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। कन्या गुरूकुल खेड़ा का 10वीं का परिणाम शानदार रहा।

### नव विद्या हाई स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार

**जींद।** नव विद्या हाई स्कूल नरवाना रोड जींद का दसवीं कक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र केशव नाडिया ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम, अंशुल ने 96.8 प्रतिशतअंक प्राप्त करके द्वितीय, नेहा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतिय, प्रीति ने 96 प्रतिशत अंकों से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छह बच्चं ने मैथ, साइंस, म्यूजिक में 100-100 तथा इंग्लिश में 99/100 सोशल साइंस में 98/100 अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। 41 विद्यार्थियों में से 34 ने मैरिट में स्थान प्राप्त किया। सात बच्चों ने 95 प्रतिशत से 'यादा तथा 20 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है।



### सुप्रीम स्कूल के 53 विद्यार्थियों ने पाई मेरिट

**जींद।** सुप्रीम स्कूल का दसवीं और बारहवीं कक्षा का परिणाम शानदार रहा। दसवीं कक्षा मे 90 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसमें 53 मेरिट रही। विद्यालय में रौनक प्रथम 97 प्रतिशत, द्वितीय साक्षी 96.2 प्रतिशत और तृतीय इशिका 95 प्रतिशत रही। 12वीं कक्षा में 106 बच्चों ने परीक्षा पास की। 12वीं मेडिकल में पायल मोर 96 प्रतिशत ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। 12वीं नॉन मेडिकल में खुशी 92 प्रतिशत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 12वीं कॉमर्स में बिंदू 85 प्रतिशत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 12वीं आर्ट्स में तनु 95 प्रतिशत ने प्रथम स्थान हासिल किया और स्कूल विद्यार्थियों ने कुल 41 मेरिट प्राप्त की। प्रधानाचार्य सत्येंद्र त्रिपाठी ने इस परीक्षा परिणाम को बच्चों और अध्यापकों की कड़ी मेहनत का नतीजा बताया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. डीपी जैन, उपाध्यक्ष बलवान कौशिक, निदेशक शरत अत्री ने मेरिट प्राप्त करने वाले बच्चों व अध्यापकों को फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी।




### न्यू प्रगति विद्यालय डाहौला का 10वीं और 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत

**जींद ।** न्यू प्रगति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाहौला का 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय में बाहरवीं कक्षा में कुल 51 बच्चे थे। जिनमें से 17 बच्चों ने मेरिट स्थान प्राप्त किया। इसमें कशिश ने 467 अंक, अर्पित ने 453 अंक, दीपेंद्र ने 450 अंक और प्रिंस ने 444 अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में नीरू ने 95 प्रतिशत, अंशिका ने 92.4 प्रतिशत, शिक्षा जागलान ने 91.2 प्रतिशत, मुस्कान ने 91 प्रतिशत, निशु ने 88 प्रतिशत, कोमल ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इस शानदार परीक्षा परिणाम पर विद्यालय प्राचार्या लाजवंती ढिल्लों ने बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**सफीदों।** नगर की पुरानी अनाज मंडी स्थित नॉलेज प्वाईंट इंस्टीस्च्यूट में प्रतीभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्टीस्च्यूट की चेयरपर्सन पूनम सिंगला मित्तल ने की। कार्यक्रम में बतौर अतिथि वूमेन इरा फाऊंडेशन की अध्यक्षा समाजसेविका गीतांजलि कंसल, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार महाबीर मित्तल व पत्रकार अन्नू शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके किया गया। समारोह में 7वीं से 11वीं कक्षा, कंप्यूटर कोर्स व एनपीटीईएल कोर्स में उम्त्कृष्ट स्थान प्राप्त बच्चों को पुस्कृत किया गया। इसके विद्यार्थियों के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अध्यापकों के साथ-साथ अभिभावकों को भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जरूरत है। जीवन में लक्ष्य का होना बेहद जरूरी है। गर बच्चा कोई लक्ष्य निर्धारित कर लेता है और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करता है तो यह हो ही नहीं सकता कि उसे सफलता प्राप्त ना हो। जीवन में कुछ बनने के लिए बच्चों को चाहिए कि वे लक्ष्य को निर्धारित करके अच्छे से मेहनत करें। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### शादीपुर के कन्या गुरूकुल स्कूल का 10 वीं का परीक्षा का परिणाम रहा शानदार

**जुलाना ।** जुलाना क्षेत्र के शादीपुर गांव के कन्या गुरूकुल स्कूल का 10वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। सोमवार को मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य दीवान सिंह गोयत ने शिरकत की। 10वीं कक्षा में 13 में से सभी छात्राओं ने 70 प्रतिशत से उपर अंक प्राप्त किए हैं। जिनमें से छह छात्राओं को मैरिट हासिल हुई है। दीवान सिंह गोयत ने कहा कि अन्य छात्राओं को भी मेधावी छात्राओं से प्रेरणा लेकर शिक्षा में अव्वल आने के लिए मेहनत करनी चाहिए। मौके पर प्राचार्या कोशल्या, विजयलक्ष्मी, मुकेश गोयत, वीना, सरोज लाठर आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### गढ़वाली के सरकारी स्कूल के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गढ़वाली गांव के सरकारी स्कूल के छात्रों ने 10 वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्कूल पहुंचने पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य ओमप्रकाश सिंहरोहा ने शिरकत की। छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ओमप्रकाश सिंहरोहा ने कहा कि स्कूल के 10 वीं की परीक्षा में कुल 39 बच्चों में से 24 बच्चों ने मैरीट प्राप्त की। स्वीटी ने 482 अंक, पायल ने 479 अंक, नेहा ने 466 अंक, काफी ने 464 अंक व चिनु ने 464 अंक, जतिन ने 450 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।


जींद। परीक्षा में मेरिट व प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

### एसडी कन्या स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत

**नरवाना।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें एसडी कन्या महाविद्यालय नरवाना का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। महाविद्यालय की 128 छात्राओं में से 97 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की तथा 31 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर अपने विद्यालय और मात-पिता के गौरव को बढ़ाया। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या नीलम गोयल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमारे विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा तथा छात्राओं द्वारा गणित, संगीत तथा संस्कृत विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक समिति तथा प्रधानाचार्या द्वारा स्मृति चिन्ह देकर बच्चों को सम्मानित किया गया। खुशी के इस अवसर पर प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेश सिंघल, उप प्रधान राजकुमार गोयल, महासचिव जियालाल ने सभी बच्चों व अध्यापकों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## भाविप ने किया परिवार मिलन समारोह का आयोजन

# बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत विकास परिषद भूतेश्वर शाखा जींद के द्वारा परिवार मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर समाजसेवी प्रदीप गिल ने शिरकत की कार्यक्रम की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय उपाध्यक्ष सुशील गुप्ता ने की। कार्यक्रम में नारीश रोहिल्ला को अध्यक्ष, मनधीर कौशिक को सचिव, संदीप बंसल को कोषाध्यक्ष, रीता बंसल को महिला संयोजिका, एडवोकेट अंकुश शर्मा को सहसचिव, बालकिशन बंसल को उपाध्यक्ष सेवा, एडवोकेट सुरेश गोयल को उपाध्यक्ष संस्कार, सुरेंद्र सेन उपाध्यक्ष संपर्क के पद की शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित सभी माताओं का सम्मान किया गया और परिषद के बच्चों के द्वारा अपनी मां के प्रति अपना प्यार व्यक्त करते बहुत ही सुंदर-सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गई। इस कार्यक्रम में परिषद परिवार में साथ नए-नए परिवारों को भी परिषद परिवार में शामिल किया गया।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

### योग शिविर का समापन

**जींद ।** ग्रीन वैली सफीदों रोड जींद के पार्क में चार दिवसीय मधुमेह रोग योग शिविर का सोमवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह मोर ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने बताया कि हमें नित्य प्रतिदिन योग करना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिए यही एक सबसे बढ़िया विकल्प है। कार्यक्रम के अध्यक्ष हरदीप सिंह सांगवान ने रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि थायराइड रोग में हमें उजाई प्राणायाम व सिंह आसन करना चाहिए। भारतीय योग संस्थान के हरियाणा प्रांतीय उप प्रधान होशियार सिंह आर्य ने बताया कि यह पत्रिका भारतवर्ष में सबसे अधिक बिकने वाली पत्रिका है। इसके अंदर अच्छे-अच्छे विद्वानों के लेख लिखे होते हैं। संस्थान के प्रांतीय सह प्रेस प्रवक्ता धर्मवीर सिंह दलाल ने कहा कि हमें ध्यान में प्रतिदिन बैठना चाहिए। जिससे हमें प्रभु की प्राप्ति हो सके और ध्यान से सभी बीमारियां दूर होती हैं। अर्बन जिला प्रभारी शमशेर सिंह ने बताया कि अर्जुन छाल से हमारा हृदय रोग दूर होता है और शरीर में खून का संचार ठीक से होने लगता है।


जींद। बैठक में मौजूद ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि।

### नागक्षेत्र मंदिर प्रांगण में ब्राह्मण समाज की बैठक

**सफीदों।** ब्राह्मण समाज की एक बैठक नगर के नागक्षेत्र मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्राह्मण सभा उपमंडल के प्रधान परसराम वत्स एवं पंचायत ब्राह्मणान सफीदों के प्रधान अशोक शर्मा ने संयुक्त रूप से की। बैठक में विनोद मिश्रा एवं कृष्ण वत्स ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव का लेखाजोखा प्रस्तुत किया। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि सत्येंद्र भारद्वाज एवं संजीव गौत्तम ने संयुक्त रूप से ब्राह्मण सभा उपमंडल, पंचायत ब्राह्मणान सफीदों, समाज की 36 बिरादरी, सभी धार्मिक व सामाजिक संगठनों, रास कला मंच, परशुराम सेना, हरियाणवीं कलाकार मासूम शर्मा व वरिष्ठ नेता नवीन जयहिंद का जन्मोत्सव को सफल बनाने के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। जिसका सभी ने एकसाथ तालियों की गड़गड़ाहट से अनुमोदन किया। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि जन्मोत्सव में समाज के पास जो धनराशि बची है उससे नागक्षेत्र मंदिर में एक संबर्सीबल पंप सैट लगवाया जाएगा। संजीव गौत्तम ने बताया कि कई वषार्ें के बाद इस प्रकार से भव्य आयोजन किया गया है। इस जन्मोत्सव में समाज की 36 बिरादरी ने शिरकत करके भगवान परशुराम को नमन करके उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। ब्राह्मण समाज के द्वारा यह एक अनूठी पहल शुरू की गई है और इस पहल का सभी समाज के लोगों को अनुसरण करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### डीएवी पब्लिक स्कूल का परिणाम शानदार

**गुहला-चीका।** सी.बी.ए इ द्वारा कक्षा 12वीं और 10वीं कक्षाओं के जारी वार्षिक परीक्षा परिणाम में डी.ए. वी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। 12वीं कक्षा के परिणाम में मेडिकल संकाय में कनिका ने 96.8 प्रतिशत, इशिता ने 94.8 प्रतिशत व नेहा ने 94.2 प्रतिशत, नॉन मेडिकल में कशिश गुप्ता ने 94.4 प्रतिशत, प्रीति ने 93.8 व दिया बंसल ने 91.6 प्रतिशत, कॉमर्स संकाय में ओशिन बंसल ने 95 प्रतिशत, पीयूष चौधरी ने 94 प्रतिशत व हेतु ने 93.2 प्रतिशत, आर्टस में अरमानदीप सिंह व हरमन पूनिया ने 89.6 प्रतिशत, साहिल ने 89.4 प्रतिशत, खीनू, नवनप्रीति व तानिया ने 86.2 % अंक प्राप्त कर विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया।

### 10वीं कक्षा में बडसीकरी स्कूल ने मारी बाजी

**कलायत।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम में राजकिय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बडसीकरी की धूम रही। प्रधानाचार्य गौरा सिंह मौण ने बताया कि बडसीकरी स्कूल में दसवीं कक्षा में कुल 45 विद्यार्थियों ने परिक्षा दी थी सभी बच्चे पास हुए हैं। जबकि 14 ने मेरिट,21 ने प्रथम श्रेणी व 10 ने द्वितीय श्रेणी से स्कूल और गांव का नाम रोशन किया।कोमल राठी व रितिका ने 93% अंक प्राप्त करके स्कूल में पहला स्थान हासिल किया।

### कैथलः आरकेएसडी कालेज में स्नातकोत्तर की परीक्षाएं शुरू

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज, में वर्तमान में एमए दूसरे और चौथे सेमेस्टर और स्नातक छठे और चौथे सेमेस्टर के छात्रों की नियमित परीक्षाएं चल रही हैं। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि कॉलेज में विभिन्न समितियां इन परीक्षाओं के सुचारु संचालन पर नजर रख रही हैं। प्रश्नपत्र मूल्यांकन की उचित व्यवस्था के प्रबंधन के लिए नोडल और स्पॉट मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं।

### दिव्यांगों के लिए सक्षम एप बनेगा मददगार

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए समक्ष ऐप लॉन्च किया है, जो इन्हें मतदान केंद्र पर आवागमन के साथ साथ व्हीलचेयर की भी सुविधा प्रदान करेगा। इसके लिए दिव्यांगों को अपने मोबाइल में सक्षम एप डाउनलोड करनी होगी। इस ऐप का प्रयोग करके दिव्यांग सहज एवं सुविधाजनक रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

स्कूल का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी

# शत प्रतिशत रहा जाट स्कूल का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम

राधिका ने 500 में से 483 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल



**कैथल।** अव्वल रहे जाट स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,कैथल के प्रधानाचार्य सूबे सिह मलिक ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को घोषित किए गए दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हमारे विद्यालय का परिणाम 100% रहा। उन्होने बताया कि हमारे विद्यालय से अबकी बार कुल 84 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी,जिनमें से 30 बच्चों ने मेरिट के साथ तथा शेष सभी बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय की होनहार छात्रा राधिका ने 500 में से 483 अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान, वंशिका ने 500 में से 481 अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा खुशी ने 480 अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल करते हुए अपना तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं इसके साथ-साथ मुस्कान व पिंकी ने संस्कृत में 100 अंक, राधिका ने सामाजिक विज्ञान में,नेहा ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करके विद्यालय का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर जाट शिक्षा समिति के संयोजक चंद्रशेखर सहारन व पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शमशेर सिरोही व अन्य सदस्यों ने 10वीं कक्षा के उत्कृष्ट रिजल्ट के लिए विद्यार्थियों व अध्यापकों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने भी सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों परीक्षा परिणाम की बधाई दी।

इस अवसर पर जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के जसवंत कैन्दल, अनिल गोयत, संदीप जागलान, कुलदीप बांगड़,मीना ढूल, संजू, सीता अनु, विमला, सुशीला देवी, परमिल धारीवाल, विकास कंडोला ,अनिता ,मनीषा आदि उपस्थित रहे।


**राजौंद।** शिव शंकर स्कूल के मेरिट वाले विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टाफ सदस्य।

### कसान की बेटियां रही आगे

**राजौंद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणाम में शिव शंकर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसान में बेटियों ने परचम लहराया। इसमें काफी 492 शगुन ने 492 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया । इसके साथ ही कुसुम ने 487 खुशी ने 478 तमन्ना ने 473 पायल ने 469, ज्योति सुरेश कुमार ने 453 नितिन पुत्र राममेहर ने 444 दीपेंद्र सुरेंद्र ने 438 पंकज ने 435 हिमांशु ने 413 अंक लेकर विद्यालय में मैरिट हासिल की है । विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । इस दौरान विद्यालय में खुशी का माहौल था। विद्यालय की छात्रा काफी ने साइंस विषय में 100 मे से 100अंक कुसुम ने मैथ ओर सामाजिक विषय में 100 अंक हासिल किए। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कसान ने सभी छात्र-छात्राओं व स्टाफ सदस्यों व अभिभावकों को शुभकामनाएं दी व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।


**कैथल।** अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करती प्रधानाचार्या व शिक्षकगण।

## ओएसडीएवी के 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में कीर्तिमानों की झड़ी

■ विज्ञान संकाय में दीपेंद्र 98% अंक लेकर रहा स्कूल टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल के दसवीं व12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में उल्लास का वातावरण बन गया। 12वीं में कुल - 298 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और सभी छात्रों ने 60% से अधिक अंक अर्जित किए। विज्ञान संकाय में दीपेंद्र ने 98% अंक लेकर स्कूल के साथ-साथ जिले में अव्वल स्थान प्राप्त किया। दक्ष ने 96.4% अंक लेकर द्वितीय तथा योगिता ने 96% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में लविशा ने 97.6%अंकों के साथ प्रथम स्थान, कशिश एवं यशस्वी सोनी ने 97.4% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा राशि बंसल ,महक एवं यश मित्तल ने 96.8% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया। विषय अनुसार रसायन विज्ञान विषय में 1 छात्र ने अधिकतम 100 अंक ,अकाउंटेंसी में 3 छात्रों ने अधिकतम 100 अंक, अर्थशास्त्र में 1 छात्र ने अधिकतम 100 अंक, वाणिज्यिक अध्ययन विषय में 1 छात्र ने अधिकतम 100 अंक ,गणित विषय में एक ने अधिकतम 99 अंक, शारीरिक शिक्षा विषय में चार छात्रों ने अधिकतम 99 अंक,जीव विज्ञान विषय में 1 छात्र ने 99 अधिकतम अंक,भौतिकी विषय में 2 छात्रों ने अधिकतम 98 अंक, अंग्रेजी विषय में चार छात्रों ने अधिकतम 98 अंक, कंप्यूटर में 1 छात्र ने अधिकतम 98 अंक, प्राप्त किए। दसवीं की परीक्षा में कुल 364 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी एवं परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रथम स्थान पर रही तीजल बंसल में 98.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए वहीं मान्या ने 98.2% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### 490 अंकों के साथ हैप्पी रहा प्रथम

**राजौंद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा परिणाम में राजौंद एस.डी.एम.इन्टरनेशनल स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल सभी बच्चे उत्तीर्ण हुए। प्रथम स्थान हैप्पी 490 व 98 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान काजल तृतीय स्थान पर कोमल रही। 11 विद्यार्थी मेरिट सूचि में शामिल हुए तथा 15 विद्यार्थी 60 प्रतिशत से 80 अंक लेकर पास हुए। परीक्षा परिणाम पर अभिभावक व अध्यापक बहुत खुश नजर आए। बच्चों की शानदार उपलब्धि पर स्कूल प्रधानाचार्य संजीव कुमार डायेरक्टर अश्वनी शर्मा व चैयरमेन अभिषेक शर्मा ने बच्चों को बधाई दी व आगामी भविष्य की शुभकामनाएं दी।



**राजौंद।** एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल के मेरिट वाले विद्यार्थियों के साथ स्टाफ सदस्य।

### वेद इंटर पब्लिक स्कूल जखौली कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**राजौंद।** वेद इंटर पब्लिक स्कूल जखौली कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10 वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बाजी मारी।गुरमीत ने 491 अंक तथा मनप्रीत ने भी 491 अंक लेकर संयुक्त रूप से राजौंद ब्लॉक में तृतीय स्थान तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिपांशी व दीक्षा ने संयुक्त रूप से 478 अंक लेकर विद्यालय में द्वितीय स्थान और हिमानी व मनोज ने 474 अंक लेकर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक निदेशक वेद प्रकाश कादयान ने बताया कि 10 वीं कक्षा मे कुल 30 छात्रों ने परीक्षा दी थी।जिनमें से 18 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। उन्होंने ने 3 छात्राओं को जिन्होंने अंग्रेजी तथा विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए 1100-1100 विद्यालय की परंपरा के अनुसार नकद ईनाम देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने बताया कि शिक्षकों के अथक प्रयास और लगन के कारण आज इन्होंने अपनी सफलता का परचम लहराया तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना व्यक्त की।


**राजौंद।** अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## डीएवी स्कूल का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी


डीएवी स्कूल में अव्वल रहे बच्चे।

सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। टॉपर रहे बच्चों को प्राचार्या साधना बख्शी ने बधाई दी। वाणिज्य संकाय की छात्रा मानवी ने 96 प्रतिशत अंक लेकर टॉप रही। चिकित्सा संकाय से भारती 94.8 प्रतिशत अंक, विज्ञान संकाय में शैवी ने 94.4 प्रतिशत व कला संकाय में श्वेता कौशिक ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर टॉपर में अपना स्थान बनाया। विषयों में टॉप पर रहे छात्रों में अकाउंटेंसी में 100 में से 100 अंक, बिजनेस स्टडीज में 99 अंक, केमिस्ट्री में 99 अंक, बायोलॉजी में 99 अंक, गणित में 98 अंक, इकोनॉमिक्स में 97 अंक, पॉलिटिकल साइंस में 97 अंक, इतिहास में 97 अंक, अंग्रेजी में 96 अंक, ज्योग्राफी में 96 अंक, शारीरिक शिक्षा में 96 अंक, फिजिक्स में 95 व हिन्दी में 91 अंक लेकर स्कूल का स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। इसके अलावा स्टेटिस्टिक्स विषय में 16 बच्चों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### 474 अंकों के साथ आकांक्षा रही प्रथम

**राजौंद।** हरियाणा विद्यालय भिवानी शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10 वीं का परिणाम में आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सौंगरी ने परचम लहराया। स्कूल के 10 वीं कक्षा के 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और उनमें से 20 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। सभी बच्चों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया एवं विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें आकांक्षा ने 500 में से 474 अंक लेकर प्रथम स्थान , शबनम ने 468 अंक लेकर द्वितीय स्थान व कोमल ने 464 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया । इस दौरान प्रधानाचार्या सुनीता आहूजा सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद दिया और आगे भी इसी प्रकार मेहनत जारी रखते हुए अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन करने का संदेश दिया।


आंकांक्षा

### छात्र जयंत धानियां ने मैथ व एमएचवी विषयों में अव्वल अंक हासिल कर मनवाया प्रतिभा का लोहा

**कलायत।** अपनी स्केच पेंटिंग को लेकर जाने जाने वाले छात्र जयंत धानियां ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक हासिल कर लोहा मनवाया। जयंत ने गणित में 99, एमएचवी विषय में 98 प्रतिशत व एससीटी विषय में 94 अंक हासिल किए। जयंत कई बड़े नेताओं को उनकी स्केच पेंटिंग बना कर भेंट कर चुका है। उनके पिता रोहताश धानियां ने बताया कि हिंदुस्तानी संगीत गायन में भी उसने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी नैसर्गिक प्रतिभा का परिचय दिया है। पढ़ाई के


छात्र जयंत

## रोड शो से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने किया शक्ति प्रदर्शन

■ भीषण गर्मी से बेपरवाह उत्साहित कार्यकर्ताओं ने पैदल नाप डाला शहर,लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा को हराना जरूरी : सतपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



सोनीपत लोस से कांग्रेस प्रत्याशी पंडित सतपाल ब्रह्मचारी ने शहर में सोमवार को शहर में रोड शो के अपना शक्ति प्रदर्शन किया। भीषण गर्मी से बेपरवाह उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गाड़ियों के काफिले के आगे पैदल ही शहर को नाप डाला। पंडित सतपाल ब्रह्मचारी ने पूर्व उपप्रधानमत्री देवीलाल, लाला लाजपतराय तथा शालिग्राम प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं संत रविदास मंदिर तथा महर्षि वाल्मीकि मंदिर में दर्शन भी किए। रोड शो का काफिला शहर के विभिन्न हिस्सों से होता गोहाना रोड से बार एसो. पहुंचा और अधिवक्ताओं को भी संबोधित किया। बाद में नई अनाज मंडी में जनसभा को भी संबोधित किया। खास बात ये रही कि रोड शो में सभी एकजुट दिखाई दिए। शहर में मिले अपार जनसमर्थन से ब्रह्मचारी गदगद नजर आए। ब्रह्मचारी ने कहा कि भाजपा ने देश की जनता के साथ बहुत ज्यादती की है। देश का पेट भरने वाले अनदाता को सड़कों पर बैठने को मजबूर किया है। व्यापारियों तथा उद्योगपतियों पर जीएसटी की मार पड़ी। आवाज उठाने वालों को जेल में डाला गया। सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग किया गया। अब भाजपा संविधान बदलने की बात कर रही है। जो कि लोकतंत्र के लिए खतरा है।

### गौरव स्कूल रोहेड़ा के बच्चों ने अव्वल अंक लेकर रोशन किया स्कूल का नाम

**राजौंद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा दसवीं कक्षा के घोषित परिणाम में गोरव स्कूल रोहेड़ा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने बताया कि तनु व अनु ने सामूहिक रूप से 488 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी कड़ी में स्नेहा ने 487 अंक प्राप्त करके विद्यालय में द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रिंस व आर्यन ने सामूहिक रूप से 486 अंक प्राप्त करके विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के सिर्फ तीन बच्चों को छोड़कर अन्य सभी बच्चों ने मेरिट प्राप्त की। इसके अलावा 72.2 प्रतिशत बच्चों ने 95.2 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए है। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों को बधाई दी तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बच्चों ने मिठाई खिलाते हुए प्रधानाचार्य, अभिभावकों व स्टाफ सदस्यों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान स्कूल के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।


**राजौंद।** प्रथम श्रेणी में आने वाले विद्यार्थी शास्त्र को स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### अव्वल रहा बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम

**राजौंद।** सोमवार को सीबीएसई द्वारा दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल विद्यालय राजौंद का वार्षिक परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्राचार्या पूनम पुरोहित ने सभी छात्रों अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों को बधाई दी तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बच्चों ने मिठाई खिलाते हुए प्रधानाचार्य व अभिभावकों व स्टाफ सदस्यों का आशीर्वाद लिया। प्राचार्या ने सभी अध्यापक गणों की मेहनत की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। यह परिणाम बच्चों की लगन, माता-पिता के सहयोग एवं अध्यापकों की मेहनत का फल है। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाकर विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है।



राजौंद । स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत आने पर शुभकामना देते हुए। फोटो : हरिभूमि


**कैथल।** अव्वल रहे आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग के विद्यार्थी।

## मोहित ने 475 अंक प्राप्त कर स्कूल में पाया अव्वल स्थान

**कैथल।** आरोही आदर्श वमावि ग्योंग के प्रधानाचार्य डॉ मनीष सिंगला ने बताया कि दसवीं के 48 विद्यार्थियों में से 47 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में मेरिट प्राप्त की है।सभी 48 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हैं।उन्होंने आगे बताया कि विद्यालय के छात्र मोहित ने 475 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।छात्रा काजल ने 471 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है और हिमांशु ने 470 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कक्षा दसवीं के प्रभारी डॉ विजय कुमार चावला ने आगे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के कुल 14 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। दीपिका, खुशी, माफी, आर्यन, चेतन, निधि,पलक,माफी पुत्री बलदेव,समीक्षा तथा प्रिंस ने नब्बे % से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

228 छात्रों में 102छात्रों ने मेरिट प्राप्त की

# आरकेएसडी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल


आरकेएसडी पब्लिक स्कूल के अव्वल रहे विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सीबीएसइ द्वारा आज 12वीं कक्षा व दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इसमे स्कूल का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। इस सत्र में बारहवीं में 228 छात्रों ने बारहवीं की परीक्षा दी। विज्ञान संकाय में कुल 65 बच्चों ने परीक्षा दी जिसमे हर्षिल 95.4%, प्रांजल 92%, ध्रुव व प्रतीक 88.9% अंक लेकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहें। मेडिकल में भावना 92.2%, हरमनदीप 90.8%, यशु 87.4 % अंक लेकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहें। कामर्स में दृष्टि 95.4%, गोपाल 95.2% व 94.6 % अंक लेकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहें। आर्ट्स में समृधि 97% अंक, सिद्धि 94.2% व अनुज 93.6% अंक लेकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहें। 228 छात्रों में 102छात्रों ने मेरिट प्राप्त की व अन्य ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। **30से अधिक छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए:** विषय अनुसार अधिकतम अंक पोलिटिकल साइंस, बिजनस स्टडी, एकाउंट्स 99 अंक, इंग्लिश, इकोनॉमिक्स 98अंक, केमिस्ट्री, फिजिकल एजुकेशन 97 अंक, फिजिक्स, हिंदी, आई टी 96 अंक, हिस्ट्री, गणित 95 अंक रहे। इसी प्रकार से 10वीं कक्षा में 241 बच्चों ने परीक्षा दी जिनमे आयुष मोर्या 96.8% अंक लेकर प्रथम स्थान पर, लविषा 96% अंक लेकर द्वितीय स्थान पर व गीताश्री 95.8% तृतीय स्थान पर रही।25 बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये व 105 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की। अधिकतम अंकों में गणित, सामाजिक विज्ञान, पंजाबी, आईटी 99, साइंस 98, इंग्लिश 97, हिंदी 96 रहे। सभी बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन अश्विनी शोरेवाला ने सभी छात्रों को बधाई दी । स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति शर्मा ने भी सभी बच्चों को व उनके अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई दी।

### केवाईसी एप से मतदाता देखें अपने प्रत्याशी की प्रोफाइल : प्रशांत पंवार

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं के अधिकारों को सशक्त बनाने के लिए चुनाव आयोगे ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कैथल जिला कुरूक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के तहत आता है। मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों की प्रोफाइल से अवगत हों, इसके लिए आयोग ने स्पेशल केवाईसी (नो योर कैंडिडेट) एप की शुरूआत की है।

सूचना

श्री रामकुमार पुत्र साधु राम निवासी कैथल जिला कैथल बयान करता हूं कि मेरी असल सेल डीड नंबर 5591 दिनांक 02-01-2002 जो रामकुमार के पक्ष में है, जो पिहोवा चौक कैथल के निकट से दिनांक 15-02-2024 को गुम हो गई है। इस संबंध में आवश्यक सूचना थाना शहर कैथल को दे दी गई है। यदि किसी को उक्त सेल डीड मिलती है तो वह हेमंत शर्मा एडवोकेट को चैंबर नंबर-47 जिला कोर्ट करनाल के पास पहुंचा दे या उनके मोबाइल नंबर 9355008800 पर 7 दिन के अंदर सूचित करें।

## खबर संक्षेप

### नर्सिंग सिखाता सेवा का भाव : निशा

**उचाना।** मानव के स्वास्थ्य के संरक्षण में एक डॉक्टर के योगदान के साथ-साथ एक नर्स की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रति वर्ष नसोर्ं के योगदान को सम्मानित करने के लिए अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। नागरिक अस्पताल उचाना में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर निशा ने कहा कि नर्सिंग एक ऐसा जनून है जो समाज को सेवा का भाव सिखाता है। नसेंर् ही हैं जो रोगयुक्त वातावरण में समाज को रोगमुक्त करने का संकल्प लेती है।

### जेसिस भवन में लगाया गया नशा मुक्ति कैंप

**सफीदों।** जेसीज भवन में पुलिस प्रशासन द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाया गया। इस मौके पर नशामुक्ति अभियान के सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार ढांडा, सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर संदीप कुमार, फार्मासिस्ट कुलबीर, योगा सहायक अंकित विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर नशे से लिप्त व्यक्तियों को दवाई दी गई और नशा ना करने के लिए व उससे बचने के लिए प्रेरित किया। शिविर में क्षेत्र के अनेक युवाओं ने स्वेच्छा से नशा छोड़ने की शपथ लेते हुए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया।

### जनवादी महिला समिति का जनसंपर्क अभियान

**जींद।** जनवादी महिला समिति द्वारा झूठ और नफरत की राजनीति करने वाली भाजपा को हराने के लिए महिलाओं के बीच में अभियान की चलाया गया। इस अभियान में जनवादी महिला समिति की राज्य अध्यक्ष सविता, जिला प्रधान नूतन प्रकाश, जिला सचिव कविता, कार्यकारी सचिव कोशिगन, सहसचिव आशा, सुनीता बैनर्जी, प्रवेश, नीलम व भतेरी आदि नेतागण शामिल हैं। जींद जिला के गांवों निडाना, निडानी, ललितखेड़ा, सिंध्वीखेड़ा, संगतपुरा, ईंटल, जलालपुर कलां, जाजवान व चंद्रलोक कालोनी, हाउसिंग बोर्ड आदि में संगठन द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

## बिजली की लाइन पॉवर हाउस से अलग करने की मांग

# ग्रामीणों ने गांव के पॉवर हाउस पर जड़ा ताला, नारेबाजी कर जताया रोष

**भीषण गर्मी में सेढ़ा माजरा में चार दिन से रात को बिजली नहीं आने से ग्रामीणों ने उठाया कदम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। सेढ़ा माजरा में पॉवर हाऊस गेट पर ताला लगाते हुए ग्रामीण।

सेढ़ा माजरा गांव के पॉवर हाऊस में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर गेट को ताला जड़ दिया। यहां पर बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट ग्रामीणों ने किया। गेट को ताला जड़े जाने की सूचना मिलने पर एसडीओ संजय कुमार पहुंचे। दो घंटे तक गेट पर ताला ग्रामीणों ने लगाया। सरपंच प्रतिनिधि अनूप, रामदिया, राजा, काला, मनोज, ने कहा कि जो गांव की लाइन है उसको दूसरी लाइनों से अलग करवाने की मांग ग्रामीणा काफी लंबे समय से कर रहे है। लंबी लाइन होने के चलते बिजली में फाल्ट होता रहता है जिससे पूरा गांव परेशान है। जिस लाइनमैन की ड्यूटी है वो भी समय पर नहीं आता है। खुद ग्रामीण आकर ही लाइन को ठीक करने पर मजबूर है।

बिजली निगम के एसडीओ ने आश्वासन दिया है कि 10 दिनों के अंदर ग्रामीणों की मांग पूरी हो जाएगी। स्कूल के पास ट्रांसफार्मर की जरूरत है। इस मांग को एक साल हो चुका है जिसको लेकर बार-बार आश्वासन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चार दिन हो चुके है रात को बिजली गुल रहती है। बिजली पूरी रात ट्रिप करती रहती है। गर्मी के मौसम में खेतों से जब ग्रामीण घर पहुंचते है तो बिजली गुल मिलती है। रात को चैन की नींद भी ग्रामीण नहीं सो पाते है। जो इंवर्टर घरों में लगे है वो भी बिजली कम आने के चलते ठप्प हो जाते है। 10 दिनों तक मांग पूरी नहीं हुई तो फिर से ताला लगाने को ग्रामीण मजबूर होंगे। एसडीओ संजय कुमार ने कहा कि सेढ़ा माजरा की लाइन अलग करने की मांग की गई है। अस्टीमेट बना कर लाइन कर दी जाएगी। स्कूल के पास ट्रांसफार्मर रखने की जो मांग है वो भी पूरी कर दी जाएगी। 10 दिनों तक मांग पूरी हो जाएगी।



## महिला दिवस पर वृद्धआश्रम में भोजन वितरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद सैंट्रल जेसीज की महिला विंग द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस बहुत ही अनूठे व नये ढंग से मनाया गया। अध्याय की महिला विंग की चैयरपर्सन जेसरिट रिंकी गर्ग के साथ सदस्य प्रेमलता गुप्ता, स्मार्टी बंसल, शीतल मितल, मंजू गोयल, सुनीता मितल, रजनी सिंगला व रितू गर्ग द्वारा स्थानीय रोहतक रोड़, जीन्द पर स्थित महिला वृद्धाआश्रम में जाकर वहां पर रह रही महिलाओं से मिल कर और उन्हें भोजन व मिष्ठान इत्यादि वितरित किया। इस अवसर पर जेसीआई जींद सैन्ट्रल के प्रधान जेसी अरूण बंसल व वृद्धाआश्रम के संचालक प्रहलाद राय गर्ग भी मौजूद रहे। सभी महिलाओं ने वहां पर रह रही महिलाओं को अपने हाथों से भोजन परोसा व उनका हाल-चाल पूछ कर उनका उत्साहवर्धन किया। महिला विंग की अध्यक्षा जेसी रिंकी गर्ग ने बताया की जींद सैंट्रल जेसीज की महिला विंग महिलाओं के सामजिक व व्यक्तिगत विकास के लिए समय-समय पर अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इसी कड़ी में शहर के महिला वृद्धाआश्रम में रही ही महिलाओं व बहनों में आज भोजन इत्यादि वितरित किया गया।

## नौच के रहने वाले युवक विक्रम का पैरा वर्ल्ड कप के लिए हुआ चयन

- प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 26 मई तक होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

कैथल के गांव नौच के रहने वाले एक युवक विक्रम राणा का पैरा वर्ल्ड कप के लिए चयन हो गया है। राणा चीका खेल नर्सरी में प्रशिक्षण ले रहा है। यह जानकारी देते हुए कोच सतनाम सिंह राणा ने बताया कि विक्रम राणा को जापान के कोबे शहर में होने वाली वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया कि विक्रम उक्त प्रतियोगिता के लिए पिछले कई वर्षों से अभ्यास कर रहा था और अब उसका चयन भी हो गया है जिससे समूचे जिला कैथल में खेल प्रेमियों में खुशी का आलम है। सतनाम सिंह ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 26 मई तक होगा, जिसमें विक्रम का चयन भाला फेंक के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि इससे पहले विक्रम ने भाला फेंक एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। कोच विक्रम की इस सफलता से खिलाड़ियो को अब यह लगने लगा है कि मेहनत से कुछ भी प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि खेल नर्सरी में खिलाड़ियों को अनुसाशन के साथ-साथ देश प्रेम की भावना के प्रति भी



प्रेरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि नर्सरी में प्रशिक्षण लेकर सैकड़ों खिलाड़ी राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं और कई खिलाड़ी सरकारी नौकरियां भी प्राप्त कर चुके हैं। कोच सतनाम ने विक्रम के चयनित होने पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पक्षी प्रकृति का एक अद्वितीय हिस्सा, इनको बचाना हर व्यक्ति का कर्तव्य : सुधीर पिंडारा

- पक्षियों को गर्मी से बचाने के लिए सकोरे लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्वहित युवा संगठन टीम के द्वारा जींद की बीड़ वाली नंदीशाला से शुरू कर पुराना हांसी रोड, गोहाना रोड, रोहतक रोड, देवीलाल चौक, रानी तालाब व शहर में कई पाकोंर् में दाना पानी के पात्र लगवाए गए। नंदीशाला समिति सचिव नंबरदार जयभगवान पिंडारा ने टीम को अपना आशीर्वाद देकर रवाना किया और कहा कि सर्वहित युवा संगठन पक्षियों के लिए कार्य कर रहा है। चार पैरों वाले जीव तो हमारे पास आसानी से पहुंच जाते हैं, मगर पक्षी इन्सान के पास नहीं आता। पक्षियों की सेवा के लिए व्यक्ति के अंदर समर्पण का एक अद्भुत भाव होना



जींद। पक्षियों के लिए दाना पानी का पात्र लगाते संगठन के सदस्य।

आवश्यक है। उन्होंने गौमाता की सेवा के साथ-साथ पक्षियों की एक 51 फूट ऊंची मीनार व दाना पानी का चबूतरा बीड़ वाली नंदी शाला में बनवाने के लिए अपील की। इस अवसर पर संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर पिंडारा ने कहा कि उनकी टीम पिछले तीन साल से इस भीषण गर्मी के मौसम से पक्षियों को बचाने के लिए लगभग 2000 के करीब दाना-पानी के पात्र लोगों में निशुल्क बांट चुकी है। क्योंकि पक्षियों के लिए पानी और दाना उपलब्ध होना उनकी सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खासकर जब तापमान बढ़ जाता है और पानी की मात्रा हर जगह कम हो जाती है। पक्षियों के लिए उपयुक्त हो सकते हैं। चाहे वह छोटे पक्षी हों जैसे की गौरेया या बड़े पक्षी जैसे की कौआ या कबूतर। उन्होंने कहा कि यह कार्य वे सर्व समाज के सहयोग से कर पा रहे है। क्योंकि वे केवल दाना-पानी डालने के लिए बनाए गए पात्रों को पेड़ों पर बांध कर किसी व्यक्ति की जिम्मेवारी लगा देते हैं और उस पानी डालने की जिम्मेवारी को निभाने वाले लोग समाज में एक बहुत अच्छा संदेश देते हैं। जिसे देख कर आने वाली पीढ़ियों में मानवता का भाव पैदा होता है जोकि आने वाले समाज में बुराइयों को कम करने में और समाप्त करने में भी अच्छा सिद्ध होगा। जहां भी उनके दाना-पानी के पात्र लगाए गए हैं उनकी साफ -सफाई के लिए भी उन्होंने अनुरोध किया और कहा कि अगर आप के आसपास भी कोई पात्र लगा है और उसमें पानी नहीं डाला जा रहा हो, तो पानी डालें।



नरवाना। लोगों सम्बोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा। फोटो : हरिभूमि

## संयुक्त किसान मोर्चा ने गांवों में लोगों को किया जागरूक

**नरवाना।** नरवाना तहसील से संयुक्त किसान मोर्चे की टीम मास्टर सतबीर सिंह, शमशेर सिंह, सुभाष, निहाल सिंह, अलबेल सिंह, डॉक्टर रामचंद्र, डिम्पल, अनिता, भारती, कमलेश, रामपयारी, छोटी आदि ने मास्टर बलबीर सिंह रा'य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में दनोदा कलां, दनोदा खुर्द, सैंथली, जजनवाला, सच्चा खेड़ा आदि गांव में भाजपा को सबक सिखाओ, देश बचाओ अभियान को जारी रखते हुए उपरोक्त गांव का दौरा किया। मास्टर सतबीर सिंह ने गांव में मीटिंग के दौरान अपनी बात रखते हुए कहा कि आज भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा आप के सामने आ चुके हैं क्यों कि भाजपा के मुखिया जो काम कहता वह करता नहीं जो करता है वह कभी कहता नहीं। भाजपा के राज टका शेर भाजी टका शेर खाजा वाली कहावत लागू होती है । शिक्षाए, स्वास्थ्य का बुरा हाल है, पहली और द्सरी कक्षा को प्ले स्कूल के नाम पर अध्यापक मुक्त कर दिया गया परंतु शिक्षा के बिना समाज का विकास नहीं हो सकता जिस के जड़ों में भाजपा सरकार मठा डाल ने का काम कर रही है। इस लिए भाजपा को सबक सिखाओ देश बचाओ के नारे पूरा करना है।

## दिव्यांगजन का सक्षम एप की मदद से मतदान करना हुआ और अधिक सुलभ

- टोल फ्री नंबर 1950 पर ले सकते हैं चुनाव से संबंधित जानकारी
- एप के माध्यम से भी कर सकते हैं व्हीलचेयर का आवेदन : रजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिव्यांगजनों के लिए सुविधाजनक तरीके से मतदान करवाने के उद्देश्य को लेकर सक्षम एप बनाया गया है। यह एक मोबाइल एप है जो दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा को ध्यान मे रख कर बनाया गया है। यह एक प्रकार से दिव्यांग मतदाताओं के लिए वरदान साबित होगा। इस एप द्वारा दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का



मोहम्मद इमरान रजा।

लाभ उठा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी के बारे में बताया कि सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग वोटर घर से ही मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। इसके अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन तथा बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर का बंदोंबस्त करने का अनुरोध कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सक्षम एप गूगल प्ले स्टोर से आप अपने मोबाइल पर सहज डाउनलोड कर सकते हैं। जैसे ही एप खुलती हैए वोटर रजिस्ट्रेशनए पोलिंग बूथ पर सुविधाएं, वोटर कार्ड से संबंधित जानकारी और सूचना एवं शिकायत का ऑप्शन आएगा। इसके उपरांत आप अन्य सुविधाओं के लिए भी ऐप का उपयोग कर सकते हैं।

### टोल फ्री नंबर 1950 पर ले सकते हैं जानकारी

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर चुनाव से संबंधित सुझाव व शिकायत कर सकता है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। नागरिकों की चुनाव से सम्बन्धित समस्याएं या किसी प्रकार की जानकारी लेने के लिए 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया हुआ है। आमजन इस टोल फ्री नंबर पर चुनाव से सम्बन्धित जानकारी लें सकते है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करें और अन्य मतदाताओं को भी जागरूक करें।



## सेवानिवृत प्रिंसिपल प्रेमलता को माला पहना कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

रविवार को भारत विकास परिषद केशव शाखा द्वारा मातृ दिवस के उपलक्ष मे वरिष्ठ महिला प्रेमलता गर्ग धर्मपत्नी महेन्द्र गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल को परिषद परिवार की नारी शक्ति महिला संयोजिका परनीता मधोक, संतोष जैन, डॉक्टर शोभा जांगड़ा व डॉ उषा वर्मा द्वारा माला पहनाकर व सम्मान स्वरूप शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्रेस प्रवक्ता नत्थूराम गोयल ने बताया कि प्रेमलता परिषद परिवार के सम्मानित सदस्य सुधांशु गर्ग की माता हैं। इस अवसर पर परिषद परिवार के अध्यक्ष सतीश सेतिया, शाखा सचिव कुबेर दत्त कौशिक, कोषाध्यक्ष राजकुमार गोयल, उपाध्यक्ष राकेश गर्ग, सम्मानित सदस्य मुनीष गर्ग व सुधांशु गर्ग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर चलाया फीवर मास सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रजाना कलां के तहत गांव रिटोली में निर्मल मोरखी, गीता, पूजा स्वास्थ्यकर्मियों ने आशा वर्कर के साथ मिल कर गांव में घर-घर जाकर टंकी, कूलर, होदी के पानी में लार्वा की जांच की व ग्रामीणों को मलेरिया व डेंगू बुखार के कारण, लक्षण व बचाव के तरीके बताए। निर्मल मोरखी ने बताया कि घर-घर जाकर लोगों को मलेरिया, डेंगू से बचाव बारे जागरूक कर रहे हैं। अगर कोई बुखार पीड़ित पाया जाता है तो उसकी रक्त पट्टिका बना रहे हैं ताकि समय पर जांच की जा सके। टीम द्वारा टंकी, कूलर, होदी, छतों पर पड़े कबाड़, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे, गमलों, पक्षियों के पानी पिलाने के बर्तनों के पानी मे



जींद। पानी में लार्वा की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

लार्वा चेक किया जा रहा है। निर्मल मोरखी ने ग्रामीण लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है जोकि दूषित पानी मे अपना जीवन चक्र पूरा करता है। मलेरिया बुखार में कंपकंपी के साथ बुखार आता है और गर्मी लग कर पसीना आ कर बुखार उतर जाता है। पूरे शरीर में थकावट रहती है, सिर में दर्द होता है। निर्मल मोरखी ने कहा कि डेंगू बुखार संक्रमित एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। जिसमें अचानक तेज बुखार आता है, जोड़ों व मांसपेशियों में दर्द होता है, सिर में दर्द होता है।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के लिए बुलाया, नहीं हुए पेश

# क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग की दबिश, नहीं मिला रिकार्ड

- आयुष विभाग के महानिदेशक को कार्रवाई के लिए भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग ने बिना जरूरत के कर्मचारियों को मेडिकल प्रमाण पत्र जारी करने वाले एक चिकित्सक का भंडा फोड़ किया है। इस मेडिकल प्रमाण पत्र के आधार पर कर्मचारी आराम फरमा रहे हैं। इस चिकित्सक द्वारा बैंक कर्मचारियों व डाकघर के कर्मचारियों को सबसे अधिक मेडिकल प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को क्लीनिक पर दबिश देकर रिकार्ड की जांच की। चिकित्सक के पास केवल मरीजों की एंट्री मिली, उनको जारी किए गए प्रमाण पत्र तथा रेस्ट देने संबंधी



जींद। पाठक क्लीनिक में रिकार्ड की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

कोई रिकार्ड नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आयुष विभाग के महानिदेशक को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की सिफारिश की है।

सफीदों में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत नरेश नामक एक कर्मचारी का बार-बार रेस्ट के लिए मेडिकल आ रहा था। बैंक अधिकारियों को शक हुआ कि कहीं यह मेडिकल फर्जी तरीके से तो तैयार नहीं किया गया। यह मेडिकल रेस्ट जींद के गोहाना रोड स्थित पाठक क्लीनिक से जारी किया गया था। बैंक ने इसकी शिकायत सिविल सर्जन कार्यालय जींद को की। सिविल सर्जन कार्यालय ने तीन चिकित्सकों की एक कमेटी बना कर मामले की जांच की। कमेटी ने पाठक क्लीनिक के डा. अरविंद पाठक को बुलाया लेकिन बार-बार बुलाने पर भी वह कमेटी के सामने पेश नहीं हुए। इसके अलावा कमेटी को यह भी आभास हुआ कि यह मेडिकल रेस्ट फर्जी तरीके से जारी किए गए हैं जबकि कर्मचारियों को रेस्ट की जरूरत नहीं थी। सोमवार को डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल व नोडल अधिकारी डा. दीपक की टीम ने दोपहर बाद पाठक क्लीनिक पर दबिश दी। यहां डा. अरविंद पाठक से जिन कर्मचारियों को मेडिकल रेस्ट जारी किए गए हैं उनका रिकॉर्ड मांगा। डा. अरविंद पाठक के रजिस्टर्ड में केवल एक कर्मचारी की एंट्री पाई गई जबकि मेडिकल रेस्ट का कोई प्रमाण पत्र या रेस्ट से संबंधित कोई रिकार्ड नहीं मिला। जांच टीम ने पूरा रिकार्ड सिविल सर्जन को सौंप दिया है।

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि डा. अरविंद पाठक के पास रेस्ट से संबंधित कोई प्रमाण नहीं मिला। उनके रजिस्टर में केवल कर्मचारी का नाम और बीमारी दर्ज थी। इसके अलावा जांच टीम के सामने डा. अरविंद पाठक कोई प्रमाण पत्र पेश नहीं कर पाए। आयुष विभाग के महानिदेशक को पूरे मामले की जांच रिपोर्ट भेजकर कार्रवाई की सिफारिश की गई है।